हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार, 14 जून, 2025

9 नियमित योग करने से तन व मन को मिलती है स्फूर्तिः वैद



10 एचएयू में विद्यार्थियों पर किए लाठीचार्ज के विरोध में ...



## खबर संक्षेप

### बड़ेसरा से युवक लापता भाई ने कराया केस दर्ज

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा अंतर्गत आने वाले गांव बड़ेसरा से युवक के लापता होने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस में दी शिकायत में बड़ेसरा निवासी आनंद ने बताया कि उसका 22 वर्षीय भाई पवन मंगलवार को सुबह घर से बिना बताए कहीं चला गया। काफी तलाशने पश्चात भी उसका कहीं अता पता नहीं चला। पुलिस ने शिकायतकर्ता की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

### शराब ठेके पर तोडफ़ोड़ आरोपियों पर केस दर्ज

**लोहारू।** गांव सिंघानी में शराब ठेकेदार ने चार-पांच लोगों पर शराब ठेके में घुसकर तोड़फोड़ करने और सेल्समैन को धमकी देने का आरोप लगाते हुए लोहारू पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस को दी शिकायत में नरेंद्र ने बताया कि वह सिंघानी में शराब की दुकान चलाता है तथा सिंघानी के ही चार पांच लोगों ने दुकान पर आकर तोड़फोड़ की और बाद में सेल्समैन को धमकी देकर फरार हो गए। घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी चार-पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पुलिस ने अवैध शराब से भरी गाड़ी पकड़ी

**लोहारू।** लोहारू पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए ढिगावा में अवैध शराब से भरी बोलेरो गाड़ी को काबू किया है तथा पकड़ी गई बोलेरो पिकअप में विभिन्न कंपनियों की शराब के करीब 700 से अधिक पव्वे और 170 से अधिक बोतलें बरामद की है। जानकारी के अनुसार पुलिस को ढिगावा में शराब के ठेके पास बोलेरो में भारी मात्रा में अवैध शराब होने की गुप्त सूचना मिली। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर छापा मारा और बोलेरो पिकअप को मौके से काबू कर लिया। पिकअप की तलाशी लेने पर उसमें से पुलिस को विभिन्न ब्रांड की करीब 170 से अधिक शराब की बोतलें और विभिन्न ब्रांड के 700 से अधिक पव्वे बरामद हुए। बोलेरो चालक के पास कोई परमिट नहीं होने के कारण पुलिस ने अनिल नामक युवक को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# फ्रेंडस कॉलोनी की महिलाएं बिफरीं बिजली-पानी को लेकर लगाया जाम

## थाना प्रभारी के आश्वासन के बाद महिलाएं जाम खोलने को हुई राजी

थाना प्रभारी ने मौके पर ही बिजली व पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों से बात की और समस्या का जल्द समाधान करवाए जाने का भरोसा दिलाया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बिजली पानी की मांग को लेकर शुक्रवार को फ्रेंडस कॉलोनी की महिलाए बिफर गई। महिलाओं ने लकड़ी व पत्थर डालकर वाहनों को रोकना आरंभ कर दिया। इस दौरान मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गई। जाम की सूचना मिलते ही शहर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और महिलाओं से उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करवाए जाने का भरोसा दिलाया। तब जाकर महिलाएं जाम खोलने को राजी हुई। महिलाओं ने चेतावनी दी कि अगर उनके इलाके की बिजली व पानी की समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया तो वे फिर से इसी मार्ग पर जाम लगाने को मजबूर होंगी।



भिवानी। लकड़ी लगाकर वाहनों को रोकती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

शुक्रवार को बिजली व पानी की मांग को लेकर फ्रंडस कॉलोनी की महिलाएं हांसी-भिवानी मार्ग पर उतर आई। महिलाओं ने लकड़ी व पत्थर डालकर वाहनों को रोकना आंरभ कर दिया। जाम लगने के कुछ देर बाद मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गई। जाम की सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी ने मौके पर ही बिजली व पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों से बात की और समस्या का जल्द समाधान करवाए जाने का भरोसा दिलाया। थाना प्रभारी के आश्वासन के बाद ही महिलाओं ने बताया कि पिछले तीन चार दिनों से बिजली की सप्लाई नियमित नहीं है। कल शाम के वक्त एक बार बिजली की सप्लाई आई,लेकिन दस -15 मिनट के बाद फिर से सप्लाई कट गई। उसके बाद से लेकर अभी तक बिजली की सप्लाई नहीं आई है। गर्मी के मौसम में बिजली की सप्लाई न आने से परेशानी उठानी पड़ रही है। बच्चे घर के बाहर पेड़ों की छांव में आश्रय लिए हुए है। दूसरी तरफ महिलाओं ने बताया कि बिजली की सप्लाई न आने से पानी की सप्लाई भी पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। कल से पानी की सप्लाई भी नहीं आई। ऐसे में किस तरह से हलक को तर करे। पानी के अभाव में न तो नहा सकते और न ही अन्य कोई कार्य कर सकते। जिसकी वजह से वे नारकीय जीवन जीने पर मजबूर है। महिलाओं ने चेतावनी दी कि अगर उनकी इलाके की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे फिर से इसी मार्ग पर उतर कर जाम लगांएगी।

### डॉबर कॉलोनी में भी...

दूसरी तरफ डॉबर कॉलोनी की गली संख्या नौ में बिजली की समस्या बनी हुई है। बताया जा रहा है कि उस इलाके में एक ट्रांसफार्मर जल गया था। उसकी जगह दूसरा ट्रांसफार्मर लगा दिया। पर आज तक वह ट्रांसफार्मर चालू नहीं किया गया है। जिस वजह से उक्त गली के लोग अंधेरे में राते काट रहे है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि कई बार अधिकारियों से शिकायत की,लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है।



बाढ़ड़ा। आंदोलनकारी ग्रामीणों को समझाते एसडीओ अनिल गुप्ता।

# तीन गांवों के किसानों ने किया कादमा बिजली घर में रोष प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

बिजली आपूर्ति में किल्लत से परेशान तीन गांवों के घरेलू व कृषि क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने बिजली घर पहुंच कर तालाबंदी कर सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया तथा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बिजली घर कादमा, बडराई व गोपालवास को बिजली आपूर्ति की जाती है और पिछले एक सप्ताह से इन तीनों गांवों में नाममात्र बिजली आ रही और उसपर भी अघोषित कटों ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। क्षेत्र के जिला पार्षद, पंच, सरपंच व अन्य मौजिज ग्रामीण बार -बार विभाग के एसडीओ को समस्या सांझा कर समाधान की अपील कर चुके हैं।

ग्रामीणों ने बिजली घर का घेराव कर सरकार व विभाग के खिलाफ नारेबाजी आरंभ की तो आंदोलनकारी किसानों से मिलने पहुंचे बिजली कार्यालय झोझू कलां के एसडीओ अनिल गुप्ता ने उनको शांत करने का प्रयास किया तो उनको भी उग्र किसानों की खरी खरी सुननी पड़ी तथा दोबारा अघोषित कट लगने पर बड़ा विरोध जताने की चेतावनी दी। उनके गांव का बिजली घर पर कम क्षमता का ट्रासंफार्मर होने से यह आवेरलोड का शिकार है और इससे ग्रामीणों, किसानों को परेशानी से जुझना पड़ रहा है। मजबूरन किसानों को तालाबंदी करना पड़ रहा है। एक घंटे तक रोष मार्च व एसडीओ की मान-मन्नौवल के बाद उपभोक्ता शांत हुए। रोष प्रदर्शन में उनके अलावा जिला पार्षद प्रतिनिधि अशोक कादमा, सरपंच राजभान नौरंगाबास जाटान, प्रदीप गोपालवास, सचिन बडराई, महेश फौजी, पहलवान विरेंद्र बडराई, पूर्व सरपंच धर्मबीर सिंह, भूपसिंह, बलजीत थालोर, कमल सिंह, सतपाल, दीपक, सतबीर सिंह, अमित थालौर कादमा आदि मौजूद रहे।

# बिजली आपूर्ति ठप्प, ग्रामीणों ने की नारेबाजी

■ ग्रामीणों ने सरल केन्द्र के समक्ष रोष प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

शुक्रवार को सुबह से शाम तक बार -बार बिजली कटौती व फिर राज्य मुख्यालय से संपर्क कटने से उपमंडल मुख्यालय के सरल केन्द्र पर भूमि की खरीद फरोख्त की रजिस्ट्री से लेकर जरुरी प्रमाणपत्र भी तैयार नहीं हो पाए जिससे दिन भर इंतजार के बाद अलग -अलग गांवों के ग्रामीणों ने सरल केन्द्र के समक्ष रोष प्रदर्शन किया। उपमंडल मुख्यालय के राजस्व विभाग के तहसील सरल केन्द्र पर शुक्रवार को बिजली आपूर्ति में बार -बार कटौती होने से बिजली पावर उपकरण भी जवाब दे गए और दोपहर तक तो बिजली आती और तुरंत कटौती होने से उपकरणों की भी हालत खराब हो गई।

जब भी आपूर्ति होती तो वहां कार्यरत कंप्यूटर आपरेटर काम शुरु करते



तो या तो दोबारा बिजली आपूर्ति में कट लग जाता या फिर पीछे से आनलाइन प्रक्रिया में तकनीकी खराबी आ जाती और इससे सरल केन्द्र पर पूरे होने वाले दस्तावेज भी तैयार नहीं हो पाए। सारा दिन इंतजार के बाजूद सस्टिम में सुधार नहीं होने व बिजली आपूर्ति में लगातार कमी से क्षुब्ध ग्रामीणों ने सरल केन्द्र के सामने रोष प्रदर्शन किया। इस दौरान पूर्व सरपंच पप्पू, समाजसेवी राजपाल सिंह, रामफल, रमेश, सुंदर सिंह, आनंद, रामसिंह, कपूर सिंह नंबरदार, हरिसिंह, रामकुमार आदि ने बताया कि वह सुबह से भूमि के कार्य के लिए सरल केन्द्र में बैठकर बिजली आपूर्ति व आनलाइन प्रक्रिया ठीक होने का इंतजार करते रहे लेकिन प्रशासन ने कोई कदम नहीं उठाया। फोरमैन राजेश कुमार ने बताया कि ज्यादा गर्मी के चलते दो ट्रांसफार्मर में दिक्कत आ रही थी तथा बाद में मैन सप्लाई बंद हो गई जिसके चलते कस्बे में बिजली बाधित रही।

### युवाओं के जाति व रिहायशी प्रमाण पत्र नहीं बने

युवा अनिल, भुपेंद्र, सुखवीर, रवि आदि ने बताया कि सीईटी के फार्म के लिए रिहायसी एवं जाति प्रमाण पत्र बनवाने थे लेकिन दिन भर बिजली नहीं होने के कारण कोई प्रमाण पत्र नहीं बन पाया। जिससे सीईटी के फार्म अप्लाई करने में दिक्कत आ रही है। इसके बाद दो दिन की छुट्टी होने के कारण नहीं बन पाएगा वहीं सीईटी के तारीख केवल दो दिनों के लिए ही बढ़ी है। बिजली के कटों के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है।

# बिजली-पानी की किल्लत से लोग परेशान

■ बार-बार अधिकारियों को गुहार लगाने के बाद भी नहीं हुआ समाधान : पार्षद विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भीषण गर्मी व चिलचिलाती धूप ने लोगों की परेशानियों को बढ़ा दिया हैं, वहीं शहर में बिजली व पेयजल सप्लाई की समस्या नागरिकों की परेशानियां गुणात्मक रूप से बढ़ा रही है। भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच बिजली के कटों व पेयजल सप्लाई की समस्या से वार्ड नंबर-25 स्थित पतराम गेट सहित विभिन्न क्षेत्रों के लोग खासे परेशान है तथा पिछले कई दिनों से लगातार हो रही बिजली कटौती व पानी की अनियमित आपूर्ति के चलते क्षेत्रवासियों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पतराम गेट पर शुक्रवार को जिला प्रशासन के खिलाफ रोष जताया।

पतराम गेट निवासी सुशील ने कहा कि 45 डिग्री से अधिक गर्मी का कहर बरपा रहा है, वहीं बिजली के कट व पेयजल आपूर्ति की समस्या उनकी परेशानियों को लगातार बढ़ा रही है। हररोज 6 से 8 घंटे बिजली गायब रहती है तथा पानी भी दो से तीन दिन में एक बार आता है। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को अनेक बार शिकायत दी तथा समाधान की गुहार लगाई। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी कि हालात ऐसे ही रहे तो उन्हें मजबूरी में बड़े स्तर पर आंदोलन करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं की किल्लत ने आमजन की परेशानियों को और बढ़ा दिया है। वार्ड नंबर-25 के पार्षद विनोद प्रजापति ने कहा कि वार्ड नंबर-25 में बिजली, पानी व सीवरेज की समस्या के समाधान की मांग को लेकर वे बार-बार अधिकारियों से मिलकर समाधान की गुहार लगा चुके है, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।पार्षद विनोद ने आरोप लगाया कि जनस्वास्थ्य विभाग नागरिकों की समस्याओं के प्रति अनजान बना बैठा है। पार्षद विनोद ने कहा कि पतराम गेट पर एक ट्रांसफर रखा हुआ है, जिस पर लोड ज्यादा है, जिसके चलते बिजली की समस्या अधिक है।



भिवानी। बिजली पानी की किल्लत के चलते विरोध जताते क्षेत्रवासी।

# 21 को मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तैयारियों को लेकर एसडीएम ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

■ बैठने की व्यवस्था, पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा, पार्किंग और सुरक्षा जैसे पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाए

21 जून को उपमंडल स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस स्थानीय चौ देवीलाल खेल स्टेडियम में मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियों को लेकर एसडीएम मनोज दलाल ने शुक्रवार को स्थानीय कार्यालय में अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एसडीएम मनोज दलाल ने विभिन्न विभागों को योग दिवस कार्यक्रम में जिम्मेदारी लगाई। सभी विभागों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विश्व पटल पर पहचान बने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का प्रतीक है, इसलिए इसकी गरिमा के अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। एसडीएम ने शिक्षा विभाग, आयुष विभाग, नगर पालिका, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों को समय पर आवश्यक व्यवस्था पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंच, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा, पार्किंग और सुरक्षा जैसे पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। एसएमओ डॉ संजीव गोयल, आयुर्वेद से डॉ विजय कुमार, एसडीएओ डॉ ईश्वर सिंह, एडीओ विनोद सांगवान, चौधरी बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मुकेश चहल, आईटीआई के प्राचार्य पंजाब सिंह, फूड एवं सप्लाई से सज्जन कुमार, एसडीओ मनोज कुमार, एसईपीओ दीपक शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# किरावड़ में आंगनवाड़ी से अनाज चोरी करने के मामले में आरोपी को दबोचा

**भिवानी।** थाना बवानी खेड़ा पुलिस ने आंगनबाड़ी से अनाज चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांव किरावड में आंगनवाड़ी वर्कर ने थाना बवानी खेड़ा पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि पांच जून की रात को उनके सेंटर से चोर गेहूं व चावल चोरी करके ले गए थे जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना बवानी खेड़ा में दर्ज किया था। अभियोग में प्रभावी कार्यवाही करते हुए थाना बवानी खेड़ा के उप निरीक्षक जगदीश ने आंगनबाड़ी केंद्र से अनाज चोरी करने के मामले में एक आरोपी को किरावड से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

### 45 किलो गेहूं व 10 किलो चावल बरामद

आरोपी की पहचान सोनू पुत्र रामकुमार निवासी किरावड जिला भिवानी के रूप में हुई है। पुलिस टीम के द्वारा आरोपी से 45 किलो गेहूं व 10 किलो चावल बरामद किए गए हैं।

# 15 जून को सुबह छह बजे होगी योगा मैराथन

■ मैराथन रोज गार्डन से शुरू होकर लाला लाजपतराय चौक से वापिस रोज गार्डन में ही सम्पन्न होगी।

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की जागरूकता को लेकर 15 जून को योग मैराथन आयोजित की जाएगी। इसका उद्देश्य लोगों को योग के महत्व और उसके सकारात्मक प्रभावों से अवगत कराना है ताकि अधिक से अधिक लोग स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित हो सकें। मैराथन सुबह 6 बजे रोज गार्डन से प्रारंभ होगी।

मैराथन रोज गार्डन से शुरू होकर लाला लाजपतराय चौक से वापिस रोज गार्डन में ही सम्पन्न होगी। उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि प्रतिभागियों को पंजीकरण प्रक्रिया की जानकारी समय पर प्रदान की जाए तथा उनकी प्रोफाइल पूरी कराने में हरसंभव सहयोग किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि ब्लॉक स्तर पर भी इस लिंक के माध्यम से अधिक से अधिक पंजीकरण सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि योग मैराथन और योगासन न केवल स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने का सशक्त माध्यम है, बल्कि फरीदाबाद को एक स्वास्थ्य-सचेत, अनुशासित और जागरूक समाज की दिशा में प्रेरित करने वाला एक महत्वपूर्ण प्रयास भी है।



भिवानी। पदक विजेता खुशी को सम्मानित करते डॉ. फूलसिंह।

# कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खुशी का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ उचित मार्गदर्शन, संसाधन व हौंसले के दम पर बुलंदियां छू सकती है बेटियां : डॉ. फूलसिंह

खेल नगरी भिवानी एक बार फिर गर्व से सराबोर हो उठी, जब मूलरूप से गांव धनाना निवासी शमशेर सिंह की पुत्री खुशी घणघस ने 18वीं राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में 70 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर जिला व प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। पदक विजेता खुशी का सेक्टर-13 में सम्मान किया।

डॉ. फूल सिंह धनाना सहित अनेक लोगों ने स्वर्ण पदक विजेता खुशी घणघस का फूल-माला एवं नोटों की माला पहनाकर सम्मान किया। डॉ. फूल सिंह ने कहा कि खुशी घणघस का परिवार मूल रूप से धनाना के निवासी है, जो फिलहाल गांव मेंहदा में रहते है। खुशी ने राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर खेल के प्रति जुनून व मेहनत का प्रदर्शन किया। खुशी ने कठिन परिश्रम और समर्पण के साथ अभ्यास किया और कठिन चुनौतियों के बावजूद कभी हार नहीं मानी, जिसका परिणाम आज सभी के सामने है। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन विजय पंचगांवा, रामकिशन, प्रधान दिलबाग सांगवान, कमल सिंह प्रधान, खाप प्रवक्ता नफेसिंह घणघस, प्रधान धर्मबीर नेहरा, प्रधान संदीप तंवर, पूर्व आईजी राजपाल, पार्षद सूर्या, रामदेव तायल आदि मौजूद रहे।

## दोपहर तक पारा 43 डिग्री सेल्सियस था,लेकिन चार बजे 41 पर आया

# हल्की बूंदाबांदी ने गर्मी से दिलाई थोड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शुक्रवार करीब पौने चार बजे अचानक आसमान में काले बादल एकत्रित होकर उमड़ आए। थोड़ी देर बाद धीमी गति से हवा चली और आसमान से हलकी बूंदाबांदी शुरू हो गई। करीब 15 मिनट तक आसमान से हलकी बूंदाबांदी होती रही। जिस वजह से पारा दो डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया।

दोपहर तक पारा 43 डिग्री सेल्सियस के बिंदू के आसपास था,लेकिन शाम को चार बजे पार एकदम लूढक कर 41 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। हालांकि तेज बारिश नहीं आई,लेकिन हलकी बारिश से भी लोगों को कुछ हद तक गर्मी से राहत मिलेगी। क्योंकि पिछले तीन चार दिनों से रात के समय भी लू चल रही थी। जिससे जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया। आज शाम को हलकी बारिश ने लोगों को कुछ हद तक गर्मी से तो राहत दिलाई है। अब देखना ये है कि हलकी बूंदाबांदी कब तक लोगों को गर्मी से राहत दिलाए रखती है। शाम को करीब पौने चार बजे अचानक हलकी बूंदाबांदी शुरू हुई। धीमी गति से हवा बहने लगी। करीब 15 से 20 मिनट तक हलकी बूंदाबांदी होती रही। कभी तेज तो कभी धीमी गति से बोच्छार गिरी। सवा चार बजे तक हलकी बूंदाबांदी का दौर चलता रहा। उसके बाद हवा ने गति ने पकड़ी तो बूंदाबांदी पर ब्रेक लगने आरंभ हो गए। सवा चार बजे तक कभी तेज तो कभी हलकी बूंदाबांदी होती रही। हलकी बूंदाबांदी से भी खरीफ की फसलों में फायदा होगा। क्योंकि पिछले कई दिनों तेज गर्मी की वजह से फसलें मुरझाने लगी थी। आज हलकी बूंदाबांदी हुई है,इससे फसलों में फायदा होगा।

फसलों में फुटाव बढ़ेगा। जिसके बाद फसलों की औसतन पैदावार में बढौतरी होगी। दूसरी तरफ हलकी बारिश से पारे के नखरे भी ढिले हो गए। हलकी बूंदाबांदी से पारा दो डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया। पारा 41 डिग्री पर रहा। पारा नीचे आने के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिली।



आनंद के पल



समुद्र में गहरा गोता लगाने के लिए मगरमच्छ कभी-कभी भारी पत्थर भी निगल लेता है।

उल्लू अपनी गर्दन घुमाकर पीछे की ओर भी देख सकता है। इसकी नजर मनुष्य से सौ गुना तेज होती है।

# छात्र बिना निवेश के पढ़ाई के साथ-साथ कमा सकते हैं पैसा



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज के समय में हर कोई यही चाहता है कि उसके पास एक्स्ट्रा इनकम हो। स्टूडेंट लाइफ में बिना निवेश के भी पैसे कमाए जा सकते हैं। बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे होते हैं जो अपने पेरेंटस के ऊपर निर्भर नहीं रहना चाहते हैं। वह सोचते हैं कि 12वीं की पढ़ाई के बाद अपने खर्च खुद उठाएं। इसके लिए वह ऑनलाइन पैसे कमाने के तरीके ढूंढते हैं। अगर आप भी उन स्टूडेंट में से एक है तो आज हम आपके लिए कुछ ऐसे ही ऑनलाइन बिजनेस तरीके लेकर आए हैं जिसके जरिए आप घर बैठे ही पैसे कमा सकते हैं। वह भी बिना निवेश किये। ऐसे कई तरीके है जिससे आसानी से पैसा कमाया जा सकता है।

## ट्यूशन क्लासेज

आज के समय में बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे होते हैं जो ऑनलाइन ट्यूशन भी लेते हैं। ऐसे में अगर आप घर बैठे चाहे तो ट्यूशन क्लासेस शुरू कर सकते हैं या फिर ऑफलाइन भी ट्यूशन क्लासेस शुरू कर सकते हैं। उसमें आपको केवल दो से तीन घंटे इन्वेस्ट करने होंगे और आप बच्चों को ट्यूशन पढ़ा सकते हैं। अगर आप छोटे बच्चों को ट्यूशन पढ़ाते हैं तो आपको अच्छे पैसे भी मिल जाते हैं। ट्यूशन शुरू करने के बहुत सारे फायदे भी होते हैं जैसे कि आपकी खुद की पढ़ाई भी होती रहती है। अगर आप बच्चों को पढ़ाते हैं तो आपको भी कुछ नया सीखने को मिल जाता है और आपके ज्ञान में बढ़ोतरी होती है।



### शेयर मार्केट में निवेश

अगर आप टेक्निकल एनालिसिस और फंडामेंटल एनालिसिस कोर्स की तैयारी कर रहे हैं तो यह आपको शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने में काफी अच्छी मदद कर सकता है। वैसे तो स्टूडेंट के पास लिमिटेड पॉकेट मनी होती है इसमें आप कुछ पैसे इन्वेस्ट कर सकते हैं। अगर आप शुरू शुरू में अच्छी तरह से इन्वेस्ट करना सीख जाते हैं और आपको प्रॉफिट होने लगता है तो आप बड़े शेयर भी खरीद सकते हैं और बड़ा मुनाफा पा सकते हैं।

## ऑनलाइन ट्यूटर

अगर आपके पास खुद की काबिलियत है जैसे की फोटो एडिटिंग, वीडियो एडिटिंग, सिंगिंग, फोटोग्राफी किसी भी चीज का शौक रखते हैं और उसमें काफी अच्छी कला है तो लोगों को सिखा सकते हैं। तो उसे ऑनलाइन ट्यूटर के द्वारा अन्य लोगों को भी सिखाया जा सकता है। इससे आप ऑनलाइन पैसे कमा सकते हैं।

### फ्रीलांसिंग

जब अपनी स्किल से कोई काम करते हैं तो उसे फ्रीलांसिंग कहा जाता है इसके बदले आपको पैसे भी मिलते हैं। फ्रीलांसिंग का मतलब यही होता है कि अपनी स्किल को बेचना और पैसे कमाना। अगर आपके पास कोई भी अच्छी स्किल या काबिलियत है तो आप उसे फ्रीलांसिंग करके बहुत सारे पैसे कमा सकते हैं। इसका मतलब होता है फोटो एडिटिंग, वीडियो एडिटिंग, घोस्ट राइटिंग, डाटा एंट्री, कंटेंट राइटिंग, लोगो मेकर इत्यादि काम करके आप पैसे कमा सकते हैं।

### टेलीग्राम एप से कमाए पैसे

आज के समय में बहुत सारी एप ऐसी है जिनके जरिए आप ऑनलाइन पैसे कमा सकते हैं। टेलीग्राम एप एक शेयरिंग एप है। जहां पर हजारों लोगों का ग्रुप बना सकते हैं और उसे ग्रुप में आप टैक्स वीडियो मूवी लिंक ऑडियो डॉक्यूमेंट कुछ भी शेयर कर सकते हैं। इस शेयर करने के जरिए आप बहुत सारे पैसे कमा सकते हैं। अगर आप टेलीग्राम पर हजारों लोगों को एक बार ग्रुप में ऐड कर लेते हैं और उन्हें कुछ ना कुछ शेयर करते हैं तो इसके जरिए पैसे कमाए जा सकते हैं।

## इन तरीकों से कमाए जा सकते हैं पैसे

### एफिलिएट मार्केटिंग

ऑनलाइन पैसे कमाने के लिए एफिलिएट मार्केटिंग बहुत ही बड़ा प्लेटफार्म है। एफिलिएट मार्केटिंग में आपको केवल किसी कंपनी या प्रोडक्ट या सेवा को आगे प्रमोट करना होता है या सेल करके कमीशन पाना होता है। इसके लिए मार्केटिंग बिल्कुल फ्री में शुरू की जा सकती है और बहुत ही जल्द पैसे कमाए जा सकते हैं। एफिलिएट मार्केटिंग के लिए आपके पास लोगों का ग्रुप होना चाहिए जिन्हें आप प्रोडक्ट शेयर कर सकते हैं। इसके लिए सोशल मीडिया का भी उपयोग किया जा सकता है। इसी के साथ आप एप ब्लॉग या ऑनलाइन विज्ञापन के द्वारा भी अपने प्रोडक्ट को सेल कर सकते हैं।

### ब्लॉगिंग करके पैसे कमाए

आज के समय में बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे हैं जो ब्लॉगिंग करके पैसे कमा रहे हैं। ब्लॉगिंग का मतलब होता है ब्लॉग लिखना। ब्लॉग मतलब आर्टिकल जिन्हें आप ऑनलाइन अपलोड कर सकते हैं। ब्लॉग को आप वेबसाइट भी समझ सकते हैं। जहां से हम सभी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अगर आप भी ब्लॉग लिखना शुरू करना चाहते हैं तो इसके लिए सोशल मीडिया पर आजकल बहुत सारे ग्रुप मिल जाते हैं आप वहां से क्लाइंट ढूंढ सकते हैं और ब्लॉगिंग शुरू कर सकते हैं या अधिक जानकारी आप यूट्यूब से भी ले सकते हैं।

### यूट्यूब से पैसे कमाए

आज के समय में ऑनलाइन पैसे कमाने के लिए यूट्यूब सबसे बड़ा प्लेटफार्म है। अगर आप भी सोच रहे हैं कि आप स्टूडेंट और पैसे कैसे कमाए तो यह आपके लिए बेस्ट ऑप्शन है। इसमें आप यूट्यूब चैनल शुरू करके अपनी स्किल और जानकारी के आधार पर वीडियो अपलोड कर सकते हैं। यूट्यूब से बहुत सारे पैसे कमाए जा सकते हैं लेकिन इसके लिए आपको 1000 सब्सक्राइबर 4000 घंटे का वॉच टाइम भी चाहिए होता है।

### रेफर एंड अर्न

आप रेफर एंड अर्न प्रोग्राम के जरिए अच्छे खासे पैसे कमा सकते हैं। आजकल बहुत सारी एप भी ऐसी आती है जिनके जरिए आप अपने दोस्तों को रेफर करके पैसे कमा सकते हैं।

### अमेजॉन

स्टूडेंट के लिए अमेजॉन प्लेटफार्म एक बेस्ट ऑप्शन है। यहां पर आप बहुत सारे तरीके से पैसे कमा सकते हैं जैसे कि अमेजॉन ऐप को रेफर करके बहुत सारे कैशबैक कमाए जा सकते हैं।

---

भारत और दुनिया में पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में लगातार हो रही बढ़ोतरी

# होटल मैनेजमेंट में बनाएं करियर, अच्छी सैलरी और बेहतर लाइफ की गारंटी

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## कंपनियों में प्लेसमेंट का अच्छा मौका

हमारे देश का पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है और इसके साथ ही होटल उद्योग के विकास में मांग भी बढ़ रही है। भारत एक लोकप्रिय ट्रेवल डेस्टिनेशन है और इस तरह होटल प्रबंधन का दायरा पहले की तुलना में छात्रों के लिए अधिक स्पष्ट और अधिक फायदेमंद हो गया है। जब स्कूल की पढ़ाई पूरी करने के बाद साधारण स्नातक (गेजुएशन) करने की बात आती है तो होटल मैनेजमेंट छात्रों की शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है। जैसे-जैसे होटल उद्योग लगातार बढ़ रहा है, वैसे-वैसे होटल प्रबंधन पेशेवरों की भी आवश्यकता बढ़ रही है। भारत में हर साल पर्यटन बढ़ने के साथ, पेशेवरों की मांग बढ़ना तय है, जिससे इस कोर्स को करने वाले छात्रों को प्रसिद्ध कंपनियों में प्लेसमेंट का एक बड़ा मौका मिलेगा।



### क्या है होटल मैनेजमेंट

हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में जाने का इच्छुक व्यक्ति होटल मैनेजमेंट को स्नातक डिग्री के रूप में चुन सकता है। इस फील्ड में ग्लैमर और लग्जरी के कारण, हर साल अधिक से अधिक छात्र इस नौकरी की ओर आकर्षित होते हैं।

### क्या है होटल प्रबंधन पाठ्यक्रम

होटल प्रबंधन पाठ्यक्रम आपको होटल या हॉस्पिटैलिटी सर्विस के विभिन्न पहलुओं जैसे सेल्स एंड मार्केटिंग, फूड एंड बेवरेज, फ्रंट ऑफिस, अकाउंटिंग, फूड प्रोडक्शन, हाउसकीपिंग और कई किचन स्किल को कवर करने में मदद करेगा। भारत में कई सरकारी और निजी कॉलेज होटल मैनेजमेंट में डिग्री और डिप्लोमा कोर्स कराते हैं, जो बहुत सारे छात्रों के लिए एक आकर्षक और रोमांचक पाठ्यक्रम बन गया है।

### टॉप यूनिवर्सिटीज

- इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग एंड न्यूट्रिशंस, पूसा
- आईएचएम मुंबई
- वेलकमग्रुप ग्रेजुएट स्कूल ऑफ होटल एडमिनिस्ट्रेशन, मणिपाल
- आईएचएम हैदराबाद
- एआईएचएमसीटी, बेंगलुरु
- बनारसीदास चांदीवाला इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, दिल्ली
- दिल्ली इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली

### करियर की संभावनाएं

*हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में संचालन, फूड एंड बेवरेज, फ्रंट ऑफिस, अकाउंटिंग, सिक्युरिटी आदि जैसे कई विभाग हैं, इसलिए आप अपना पसंदीदा विभाग चुन सकते हैं और विभिन्न नौकरियों के लिए आवेदन कर सकते हैं। होटल मैनेजमेंट में संभावनाएं -*

- होटल्स एंड टूरिज्म एसोसिएशन
- क्लब / रेस्टोरेंट मैनेजमेंट
- क्रूज शिप होटल मैनेजमेंट
- एयरलाइन कैटरिंग एंड केबिन सर्विस
- होटल्स में किचन मैनेजमेंट
- होटल, रिजॉर्ट्स में फ्रंट ऑफिस मैनेजमेंट
- इंडियन नेवी में हॉस्पिटैलिटी सर्विस

### शैक्षणिक योग्यता

होटल मैनेजमेंट के डिग्री या डिप्लोमा कोर्स को चुनने के लिए आवश्यक न्यूनतम योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त स्कूल या संस्थान से कक्षा 10+2 उत्तीर्ण है। होटल प्रबंधन के किसी भी विशिष्ट क्षेत्र में विशेषज्ञता के लिए आप 12 वीं कक्षा पास करने के बाद सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं। स्नातकोत्तर का चयन करने के लिए, आपको किसी भी मान्यता प्राप्त होटल प्रबंधन विश्वविद्यालय से स्नातक होना जरूरी है। होटल प्रबंधन पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति में विवादों और आलोचनाओं को धैर्य से संभालने की क्षमता होनी जरूरी है। उम्मीदवार को अतिथि के प्रति हर स्थिति में विनम्र और सहयोगी होना जरूरी है।

### ऐसे करें आवेदन

आप होटल प्रबंधन कॉलेज के लिए किसी खास कॉलेज के आवेदन पत्र को भरकर या उसके लिए राष्ट्रीय / राज्य स्तर की प्रवेश परीक्षा देकर आवेदन कर सकते हैं। कई विश्वविद्यालय होटल प्रबंधन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अपनी स्वयं की प्रवेश परीक्षा आयोजित करते हैं।

#### प्रवेश परीक्षाएं

- नेशनल लेवल एंट्रेंस-
- एनसीएचएम जेईई
- एआईएमए यूजीएटी

**सैलरी :** स्नातक स्तर की पढ़ाई के बाद नौकरी का विकल्प चुनने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए ट्रेनिंग के दौरान प्रारंभिक वेतन 10,000- 13,000 रुपए के बीच होता है। इसके बाद आपके प्रदर्शन के अनुसार वेतन में वृद्धि होना तय है।

#### स्टेट लेवल एंट्रेंस

- यूपीएसईई बीएचएमसीटी (उत्तर प्रदेश)
- एमएएच सीईटी एचएम (महाराष्ट्र)
- डब्ल्यूबीजेईई एचएम (पश्चिम बंगाल)
- यूनिवर्सिटी लेवल एंट्रेंस
- पीयूटीएचएटी (पंजाब विश्वविद्यालय)
- सीयूईटी (क्राइस्ट यूनिवर्सिटी)
- आईपीयू सीईटी (गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय)

## होटल मैनेजमेंट में शेफ की नौकरी एक शानदार विकल्प



10+2 करने के बाद हर स्टूडेंट एक ऐसा कोर्स प्रोफेशनल कोर्स करना चाहता है, जो उसे अच्छी सैलरी वाली नौकरी जल्द से जल्द दिला दे। होटल व रेस्टोरेंट में शेफ की नौकरी एक अच्छा विकल्प हो सकती है। आजकल हमें कही भी जाना हो तो हम रहने के लिए सबसे पहले होटल ढूढते है होटलो के बढते कारोबर ने इसमें रोजगार के कई अवसर खोल दिये है। यदि आप नई नई रेसिपी बनाने में दिलचस्पी रखते हैं। तो आपके लिये शेफ बनना फायदेमंद सौदा हो सकता है। पिछले कुछ सालों से लगातार होटलों और रेस्टोरेंट की सख्या बढ़ी है। बड़े शहरों के बाद अब छोटे शहरों में भी रेस्टोरेंट खुले हैं जिससे इस इंडस्ट्री में हुनरमंद प्रोफेशनल्स की मांग भी बढ़ी है। किसी भी बड़े होटल में एक शेफ का रूतवा किसी बड़े अधिकारी से कम नही होता है. उसके अंडर में एक पूरी टीम काम करती है जो खाना बनाने के अलग-अलग डिपार्टमेंट संभालती है अगर आप भी उन लोगों में से है जो किचन में मजबूरी नही शौक से जाते है तो आपका इस फील्ड में स्वागत है । कोई भी व्यक्ति होटल में शेफ बन कर अच्छी सैलरी वाली नौकरी आसानी से हासिल कर सकता है।

### होटल में शेफ कैसे बने

यदि आप होटल इंडस्ट्री में शेफ बनना चाहते हैं, तो आपको शेफ कैसे बने की पूरी जानकारी होनी बहुत जरूरी हैं शेफ बनने के लिये आपको होस्पिटेलिटी मैनेजमेंट कोर्स करना जरूरी होता है। शेफ बनना भी होटल मैनेजमेंट का ही एक हिस्सा है। इस फिल्ड में आने के लिए होटल मैनेजमेंट का कोर्स होता है जो 12वीं के बाद किया जा सकता हैं। इस फिल्ड में कई कोर्स उपलब्ध है जैसे डिग्री, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स. इनमें से कोई भी कोर्स आप अपने एजुकेशन के हिसाब से चुन सकते है। होटल मैनेजमेंट के कोर्स के दौरान स्टूडेंटस कई सारी चीजें करना सीखते हैं। शेफ, फ्रंट ऑफिस मैनेजमेंट, बार टेंडर हाउसकीपिंग आदि चीजें भी इस कोर्स के अंतर्गत सिखाई जाती हैं।

### जरूरी योग्यताएं

शेफ बनने के लिये इच्छुक लोगों का क्रियेटिव होना बहुत जरूरी है। विदेशी कुजिन्स की जानकारी होना बहुत जरूरी है। कम से कम सामग्री से ज्यादा से ज्यादा रेसिपी बनाने में महारत हासिल हो। खाना बनाना और भोजन परोसने की कला को अच्छी तरह समझने वाला व्यक्ति ही शेफ बन सकता है। शेफ कोर्स करने के लिये आपका शारीरिक रूप से फिट होना बेहद जरूरी है। क्योंकि एक शेफ को अपना अधिकतर काम खड़े होकर ही करना पड़ता है। शेफ को यह पता होना चाहिए कि पाचन प्रणाली किस प्रकार काम करती है। पाचन प्रणाली पर भोजन में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स की जानकारी होना जरूरी है। विदेशी भोजन के बारे में अच्छी जानकारी होना बहुत जरूरी है।

---

# दिल की सुनो: अपने पसंदीदा विषय को चुनें और उसी में बनाएं करियर



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

जीवन में करियर का चुनाव एक ऐसा निर्णय है जो न केवल आपके भविष्य को आकार देता है, बल्कि आपकी खुशी और संतुष्टि को भी प्रभावित करता है। अक्सर देखा जाता है कि छात्र समाज, परिवार या दोस्तों के दबाव में आकर ऐसे करियर विकल्प चुन लेते हैं जो उनके दिल के करीब नहीं होते। लेकिन सच्चाई यह है कि सबसे अच्छा करियर वही है जो आपको सुकून दे, जो आपके जुनून को जगाए और जिसमें काम करना आपको बोझ न लगे। इस लेख में, हम बात करेंगे कि क्यों आपको अपने पसंदीदा विषय को चुनना चाहिए और कुछ रोमांचक करियर विकल्पों के बारे में भी जानेंगे। हर इंसान में कुछ खास होता है, और हर छात्र का एक ऐसा विषय या क्षेत्र होता है जिसमें वह स्वाभाविक रूप से रुचि रखता है। हो सकता है आपको गणित के सूत्र हल करना पसंद हो, या फिर साहित्य की गहराइयों में डूबना आपको सुकून देता हो।

## जो काम पसंद हो, वह बोझ नहीं लगता

हो सकता है आप प्रकृति के रहस्यों को समझने के लिए उत्सुक हों या फिर कला और रचनात्मकता में खो जाना चाहते हों। यह आपका जुनून है, और यही वह चिंगारी है जो आपको एक सफल और खुशहाल करियर की ओर ले जा सकती है। जब आप वह चुनते हैं जो आपको सचमुच पसंद है, तो काम करना एक बोझ नहीं, बल्कि आनंद का स्रोत बन जाता है। आप अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करते हैं, क्योंकि आप उसमें पूरी मेहनत और लगन से काम करते हैं। इसके विपरीत, अगर आप समाज या माता-पिता के दबाव में आकर डॉक्टर, इंजीनियर या कोई अन्य पारंपरिक करियर चुन लेते हैं, जिसमें आपकी रुचि नहीं है, तो आप लंबे समय तक खुश नहीं रह पाएंगे। भारतीय समाज में अक्सर कुछ करियर विकल्पों को ही "सुरक्षित" और "प्रतिष्ठित" माना जाता है। माता-पिता का यह डर स्वाभाविक है कि उनके बच्चे को एक स्थिर और सम्मानजनक भविष्य मिले। लेकिन यह समझना महत्वपूर्ण है कि आज के दौर में अवसरों की कमी नहीं है। तकनीक, कला, पर्यावरण, खेल, और कई अन्य क्षेत्रों में करियर की संभावनाएं पहले से कहीं ज्यादा हैं। अपने माता-पिता से खुलकर बात करें। उन्हें बताएं कि आपका जुनून क्या है और उसमें करियर बनाकर आप कैसे सफल हो सकते हैं। उदाहरण देकर उन्हें समझाएं कि आज के समय में हर क्षेत्र में अवसर हैं।

**विज्ञान :** अगर आपको जीव विज्ञान पसंद है, तो आप डॉक्टर, बायोटेक्नोलॉजिस्ट, पर्यावरण वैज्ञानिक, या वन्यजीव विशेषज्ञ बन सकते हैं। भौतिकी या रसायन विज्ञान में रुचि है? आप रिसर्च साइंटिस्ट, डेटा साइंटिस्ट, या स्पेस साइंटिस्ट के रूप में करियर बना सकते हैं। तकनीक में रुचि है? आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, या साइबर सिक्योरिटी जैसे क्षेत्र आपके लिए हैं।

**गणित :** गणित के शौकीनों के लिए डेटा एनालिस्ट, एक्ट्यूएरी (बीमा गणितज्ञ), क्रिप्टोग्राफर, या फाइनेंशियल एनालिस्ट जैसे करियर बेहतरीन विकल्प हैं। आप गणित शिक्षक बनकर अगली पीढ़ी को प्रेरित भी कर सकते हैं।

**साहित्य और भाषा:** अगर आपको कहानियां लिखना या पढ़ना पसंद है, तो आप लेखक, पत्रकार, कंटेंट क्रिएटर, या अनुवादक बन सकते हैं। साहित्य में रुचि आपको स्क्रिप्ट राइटर, कॉपीराइटर, या साहित्यिक समीक्षक जैसे रचनात्मक करियर की ओर ले जा सकती है।

### कला और रचनात्मकता

कला, संगीत, या डांस में रुचि है? आप ग्राफिक डिजाइनर, एनिमेटर, म्यूजिक कंपोजर, या कोरियोग्राफर बन सकते हैं। फैशन डिजाइन, इंटीरियर डिजाइन, या फोटोग्राफी जैसे क्षेत्र भी रचनात्मक दिमाग वालों के लिए बेहतरीन हैं।

**खेल और फिटनेस :** अगर खेल आपका जुनून है, तो आप प्रोफेशनल एथलीट, स्पोर्ट्स कोच, फिटनेस ट्रेनर, या स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट बन सकते हैं। ई-स्पोर्ट्स और गेमिंग भी आज के समय में एक उभरता हुआ करियर विकल्प है।

**सामाजिक विज्ञान :** इतिहास, भूगोल, या समाजशास्त्र में रुचि है? आप पुरातत्वविद, भूगोलवेत्ता, या सामाजिक कार्यकर्ता बन सकते हैं। मनोविज्ञान में रुचि है? आप काउंसलर, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट, या एचआर प्रोफेशनल के रूप में काम कर सकते हैं।

**तकनीक और नवाचार :** कोडिंग और तकनीक में रुचि है? सॉफ्टवेयर डेवलपर, गेम डेवलपर, या एथिकल हैकर बनने का सोचें। स्टार्टअप शुरू करके अपने आइडिया को हकीकत में बदल सकते हैं।

**खुशी ही असली सफलता है :** याद रखें, करियर का मतलब केवल पैसा कमाना नहीं है। असली सफलता तब मिलती है जब आप सुबह उठकर अपने काम के लिए उत्साहित हों। जब आप अपने पसंदीदा क्षेत्र में काम करते हैं, तो मेहनत करना आसान हो जाता है, और सफलता अपने आप आपके कदम चूमती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** जीवन बीमा निगम की कौन सी पालिसी विशेषतः बच्चों के हितार्थ नही है।
(ए) जीवन किशोर
(बी) जीवन सुकन्या
(सी) जीवना छाया
(डी) जीवन सुरक्षा

**2.** बीमा वियामक एवं विकास प्राधिकरण का मुख्यालया कहाँ है।
(ए) नई दिल्ली में
(बी) हैदराबाद
(सी) अहमदाबाद
(डी) चेन्नई

**3.** आर.एन.मल्होत्रा समिति ने किस क्षेत्र से सम्बन्धित सुधारों के लिए रिपोर्ट प्रस्तुत की थी।
(ए) बीमार उद्योग
(बी) कर सुधार
(सी) बीमा क्षेत्र
(डी) बैंकिंग क्षेत्र

**4.** भारतीय स्टॉक बाजार का विनियमन और पर्यवेक्षण किसके द्वारा किया जाता है।
(ए) आरबीआई
(बी) यूटीआई
(सी) आईसीआईसीआई बैंक
(डी) सेबी

**5.** भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड की स्थापना कब की गई थी।
(ए) 1988में
(बी) 1992 में
(सी) 1993में
(डी) 2002 में

**6.** भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड को किस एक अध्यादेश द्वारा वैधानिक दर्जा प्रदान किया गया।
(ए) 1988ई0
(बी) 1990ई0
(सी) 1992ई0
(डी) 1993ई0

**7.** सेबी के कार्यों में सम्मिलित है
(ए) स्टॉक एक्सचेंज के कार्यों को विनियमित करना।
(बी) शेयर बाजार से सम्बन्धित अनुचित एवं धोखाधड़ी से परिपूर्ण व्यापारिक कार्यों पर रोक लगाना
(सी) प्रतिभूतियों के अन्तरंग व्यापार को नियंत्रित करना
(डी) उपर्युक्त में से सभी

उत्तर 1.(डी) 2.(बी) 3.(सी) 4.(डी) 5.(ए) 6.(सी) 7.(डी)

**खबर संक्षेप**

### छठा श्री श्याम महोत्सव तोशाम में 20 जून को

**तोशाम।** श्री श्याम मंदिर सेवा समिति तोशाम द्वारा छठा श्री श्याम महोत्सव तोशाम की नई अनाज मंडी में आगामी 20 जून को धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें दूर-दराज के क्षेत्र से आए हुए विभिन्न गायक कलाकार बाबा श्याम का गुणगान करेंगे। यह समस्त कार्यक्रम बाबा मुंगीपा धाम तोशाम के महंत नानहा महाराज, श्री श्याम मंदिर पुजारी ज्योतिष आचार्य कुंज बिहारी शास्त्री तथा श्री श्याम भक्त रामपाल कारी मोद वाले के पावन सानिध्य में आयोजित किया जाएगा।

### उप-चुनाव को लेकर धारा 163 लागू की

**भिवानी।** जिलाधीश महावीर कौशिक ने पंचायती राज संस्थाओं के उप-चुनाव को निष्पक्ष एवं शांति से संपन्न करवाने को लेकर जिला में मतदान वाले गांवों में मतगणना केंद्रों के आसपास भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में निषेधाज्ञा लागू करने के आदेश जारी किए हैं।

### पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर हुआ संपन्न

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के वीर शहीद गुलाब सिंह पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खंड स्तरीय निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत एफएलएन के प्राथमिक शिक्षकों के 5 दिवसीय प्रशिक्षण का शुक्रवार को पांचवे दिन समापन हुआ। समापन पर कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी आनंद शर्मा द्वारा सभी शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित किए और शिक्षकों को सही तरीके से पांच दिन प्रशिक्षण करके इसे सफल बनाने के लिए उन्हें बधाई दी।

### हरगोबिंद साहिब का प्रकाश उत्सव मनाया

**भिवानी।** गुरुद्वारा सिंह सभा एवम गुरुद्वारा देवसर चुंगी में संगत की ओर से मीरी व पीरी नाम से दो तलवारें धारण करवाने वाले सिक्खों के छठे गुरु हरगोविंद साहिब जी के प्रकाश पर्व को बड़ी धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर सुखमनी साहिब पाठ के भोग डाले गए। इसके उपरांत गुरु का लंगर जिसमे विशेष तोर पर मिस्सी रोटी ,लस्सी एवं मीठी चटनी को बरताया गया । गुरुद्वारा सिंह सभा के मुख्यग्रंथि भाई प्रेमसिंह ने कीर्तन के माध्यम से गुरु जी द्वारा बताएं रास्ते पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने बताया श्री गुरु हरगोबिंद सिंह जी का जन्म 1595 बडाली गांव में श्री गुरु अर्जुन देव जी के घर पर हुआ था । 11 वर्ष की आयु में ही अपने पिता से गुरु गद्दी की उपाधि प्राप्त की ।

### जीनियस स्कूल के प्राचार्य के पिता का निधन

**ढिगावा मंडी।** ढिगावामंडी स्थित जीनियस स्कूल के प्राचार्य सिंघानी निवासी धनसिंह के पिता खेमचंद रोहिल्ला का रविवार को स्वर्गवास हो गया है। खेमचंद रोहिल्ला के निधन पर विद्यालय परिवार, शिक्षा नगरी के सभी स्कूलों और क्षेत्र के लोगों ने गहरा शोक जताया है। 94 वर्षीय खेमचंद रोहिल्ला ने 8 जून रविवार को अंतिम सांस ली। गांव में ही अंतिम संस्कार किया। सोमवार 16 जून तक उनके निवास स्थान कृषि फार्म नजदीक जेलदार पेट्रोल पंप पर की जा रही है।

## अधिकारी और कर्मचारियों को सिखाया योगासन प्रोटोकॉल

# नियमित योग करने से तन व मन को मिलती है स्फूर्तिः वैद

योग से करनी चाहिए दिन की शुरुआत: वैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। 13 बीडब्ल्यूएन :16 : भीम स्टेडियम में आयोजित शिविर में योगाभ्यास करवाते हुए। फोटो: हरिभूमि

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को होने वाले योग दिवस कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन और आयुष विभाग के तत्वावधान में भीम खेल परिसर में अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योगाचार्यों ने योगासन एवं प्राणायाम करवाया।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार एवं उपायुक्त महावीर कौशिक मार्गदर्शन में 21 जून को जिला मुख्यालय, उपमंडल और खंड स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इसी कड़ी में भीम खेल परिसर में अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला योग कॉर्डिनेटर डॉ संजय वैद ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग जीवन जीने की बेहतरीन कला है। योग का अर्थ जोड़ना है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग जरूरी है। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से योग करने से तन और मन में स्फूर्ति मिलती है।

उन्होंने कहा कि हमें ब्रह्म मुहूर्त में उठकर दिन की शुरुआत योग से करनी चाहिए। डॉ वैद ने कहा कि आजकल बच्चे और युवा मोबाइल तथा नशे की गिरफ्त में हैं, जिससे मानसिक तनाव रहता है। उन्होंने नियमित रूप से योगासन में प्राणायाम करने को कहा।

### शिविर में योगाचार्य गजानंद शास्त्री-कविता अहलावत ने योगासन और प्राणायाम का करवाया अभ्यास

योगाचार्यों ने योगाभ्यास में कपाल भाति और प्राणायाम में नाड़ी शोधन, अनुलोम-विलोम प्राणायाम, शीतली प्राणायाम और भ्रामरी प्राणायाम के साथ-साथ यौगिक दौड़, योगिक जोगिंग, सूर्य नमस्कार, दंड- बैठक, मोटापे के लिए अभ्यास, शुगर, सर्वाइकल, थायराइड के लिए आसन तथा शरीर के आठ चक्रों के लिए 8 भस्त्रिका, उज्जाई व ओम का उच्चारण तथा ध्यान आदि योग क्रियाओं का योगाभ्यास करवाया। इस दौरान डीएसओ सतेंद्र कुमार, कोच विद्यानंद, आयुष विभाग से डॉ मनोज भारद्वाज, डॉ रश्मि शर्मा, डॉ निशा, डॉ दीपक वर्मा के अलावा मदन, मोहन और प्रमोद कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों में हो अधिक से अधिक भागीदारी

उपायुक्त महाबीर कौशिक ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के चलते सरकार द्वारा बताए गए शेड्यूल के अनुसार जिला में योगाभ्यास प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। योग दिवस कार्यक्रमों में अधिक से अधिक भागीदारी होनी चाहिए। जिला की सभी सामाजिक, व्यापारिक और धार्मिक संस्थाओं अपील है कि वे योग दिवस पर होने कार्यक्रमों में अपनी अधिक से अधिक भागीदारी करें। जिला में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित होने वाले योग कार्यक्रम उत्सव के रूप में मनाएं।

# एलओआई पत्र जारी किए

- सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना को जरूरतमंदों तक पहुंचाने का कार्य कर रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा


बवानीखेड़ा। बवानी खेड़ा नगर पालिका चैयरमैन सुंदर अत्री प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एलओआई पत्र जारी करते हुए। फोटो: हरिभूमि

बवानी खेड़ा नगर पालिका चैयरमैन सुंदर अत्री व नपा सचिव संदीप कुमार द्वारा नपा लिपिक अजीत सिंह, सुनील शर्मा, राकेश कुमार, पार्षद प्रतिनिधि विनोद कुमार, मनीष शंकर की मौजूदगी में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चांदीराम व धौली को एलओआई पत्र जारी किए।

इसके अलावा नीलम, लाल सिंह, नरेश, जगदीश आदि को भी इसका लाभ दिया गया। नगर पालिका चैयरमैन सुंदर अत्री व नपा सचिव संदीप कुमार ने बताया कि सभी लाभार्थियों को इसके बारे अवगत करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया जो सरकार इस योजना को जरूरतमंदों तक पहुंचाने का कार्य कर रही है और नपा द्वारा टीमें बनाई गई है जो सर्वे कर रहे हैं ताकि लाभार्थियों तक इसका लाभ पहुंच सके।

## हरियाणवी भाषा विकास मंच ने की शिक्षामंत्री के बयान को सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



प्रदेश के शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा द्वारा हिन्दी में कार्य करने के आदेश का हरियाणवी भाषा विकास मंच समर्थन किया और इस ऐतिहासिक आदेश के लिए उनका आभार प्रकट जताया। शिक्षा मंत्री के आदेश की सराहना करते हुए जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से हरियाणवी भाषा विकास मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. वीएम बेचैन ने कहा की हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है, इसको बचाकर रखना प्रत्येक भारतीय का फर्ज है। हरियाणा के शिक्षामंत्री ने हिन्दी के प्रति जो सम्मानित भाव दर्शाया है वो भाव सभी राज्यों के शिक्षा मंत्रियों को दर्शाना चाहिए। डॉ. बेचैन ने कहा कि हरियाणवी हिन्दी की उपभाषा है, शिक्षामंत्री के आदेश से हरियाणवी भाषा को भी राज्य में सम्मान मिलेगा और हिंदी के नियमित प्रयोग से हरियाणवी का उत्थान होगा। उन्होंने कहा की विकास मंच का शुरू दिन से यही उदेश्य है कि हरियाणवी बोली को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल देवनागरी लिपि के माध्यम से किया जाए, ताकि न केवल हरियाणवी बल्कि हिन्दी भाषा का भी बचाव हो सके। महिपाल ढांडा प्रदेश के ऐसे पहले शिक्षामंत्री हैं, जिन्होंने हिन्दी का समर्थन किया।

### भाविप ने जनसंपर्क अभियान चलाया

**भिवानी।** भारत विकास परिषद की शहीद मदनलाल ढीगड़ा शाखा द्वारा प्रांतीय उपाध्यक्ष अशोक शर्मा के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया हुआ है। जिसके तहत शाखा सदस्यों द्वारा गणमान्य व्यक्तियों से मिलकर उन्हे भारत विकास परिषद की गतिविधियों से अवगत करवाया जाता है।

शुक्रवार को भारत विकास परिषद की शहीद मदनलाल ढींगड़ा शाखा के सदस्य चौ. बंसीलाल विवि की कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी से मिली तथा उन्हें परिषद की गतिविधियों से अवगत करवाया। शाखा अध्यक्ष कमल नयन वशिष्ठ ने कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी को बताया कि शाखा पिछले कई वर्षो से लगातार अनेक जनहितकारी योजनाओं का संचालन कर रहा है।

# योग को घर-घर तक पहुंचाएं

- योग नकारात्मक बातों से दूर एवं खुशी के नजदीक रखता : बीके वसुधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



योग वो पवित्र शक्ति है जो सारी मानसिक अशुद्धियों को जला भस्म कर सकारात्मक ऊर्जा के साथ रचनात्मक कार्य करने की प्रेरणा देता है, ये उद्गार 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की थीम एक पृथ्वी एवं स्वास्थ्य के लिए योग, नशामुक्ति योगयुक्त हरियाणा विषय पर जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग चरखी दादरी व ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र झोझूकलां के संयुक्त तत्वावधान में सेठ किशनलाल वाला मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए।

उन्होंने कहा राजयोग आपके अंदर की दिव्यता को विकसित करने और निखारने का सुंदर तरीका है। बस हम अपने को आत्मा समझ परमपिता परमात्मा से जुड़कर अपनी आंतरिक शक्तियों का विकास करें तो हमें अंदर से खुशी और शांति की अनुभूति होने लगेगी यही योग है। प्रोटोकॉल प्रशिक्षण योग सहायक बिशन सिंह आर्य व मित्रसेन आर्य ने अनुलोम विलोम कपालभाति ताड़ासन आदि का योग अभ्यास करवाया और कहा कि कहा कि योग को घर-घर तक पहुंचाना चाहिए क्योंकि आज हमारे नौजवान रास्ता भटक रहे हैं। झोझूकलां पंचायत समिति सदस्य कविता बीडीसी ने कहा कि शारीरिक व मानसिक विकास करता है, योग जिससे हमारे शरीर की कायानिरोगी होती है और मन के विचार शुद्ध होते है।

# ऑनलाइन सुविधाओं से कार्य होंगे सुगम

- जनसुविधा के लिए न्यायिक परिसर में ई सेवा केंद्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी



चरखी दादरी। न्यायिक परिसर में ई सेवा केंद्र का शुभारंभ करते। फोटो: हरिभूमि

जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेश कुमार ने जिला न्यायालय परिसर में ई-सेवा केंद्र का उदघाटन किया। यह केंद्र न्याय तक पहुंच बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। उद्घाटन समारोह में सभी न्यायिक अधिकारी, बार एसोसिएशन पदाधिकारी, वरिष्ठ अधिवक्ता, न्यायालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेश कुमार के नेतृत्व में यह पहल जिला और उच्च न्यायालयों में ई-सेवा केंद्र स्थापित करने के उद्देश्य से व्यापक परियोजना का हिस्सा है। यह सर्वोच्च न्यायालय की ई-कमेटी द्वारा विकसित दूरदर्शी योजना है, जिसका प्राथमिक लक्ष्य सर्वोच्च न्यायालय की ई-कमेटी द्वारा अपने ई-कोर्ट प्रोजेक्ट के तहत दी जाने वाली सेवाओं का उपयोग करना है, ताकि न्यायिक प्रणाली को आम जनता के लिए अधिक सुलभ बनाकर सभी के लिए न्याय तक पहुंच सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने अपने उद्देश्य के अनुरूप, ई-सेवा केंद्र वादियों की सभी अदालती जरूरतों के लिए व्यापक केंद्र के रूप में कार्य करता है, जिसे अधिकतम दृश्यता और पहुंच के लिए सार्वजनिक प्रवेश द्वार के पास रणनीतिक रूप से स्थापित किया गया है।

### महत्वपूर्ण कदम

यह सेटअप विभिन्न सेवाओं को समेकित कर वादियों को प्रवेश करते समय सहायता प्रदान करने के लिए डिजाइन किया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेश कुमार ने कहा कि ये वादियों व अधिवक्ताओं दोनों को सशक्त बनाने में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो न्यायिक प्रणाली की दक्षता और जवाबदेही को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ई-सेवा केंद्र से न्यायिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और न्याय की तलाश करने वालों के लिए समग्र अनुभव को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है, जो न्यायिक बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण के लिए एक प्रगतिशील दृष्टिकोण का उदाहरण है। यह पहल न्याय को न केवल एक अधिकार बल्कि सभी के लिए एक मूर्त वास्तविकता बनाने के प्रति समर्पण को रेखांकित करती है।

## सरकार केवल उत्सवों में मग्न, धरातल के सुख दुख से कोई जुड़ाव नहींः सोमवीर



**बाढड़ा।** प्रदेश की भाजपा सरकार सरकारी पैसे का दुरुपयोग कर केवल उत्सवों में ही व्यस्त हैं और धरातल से जुड़ाव न होने के कारण युवा आवेदन पत्र जमा करवाने को लेकर दिन व रात्रि गर्मी में खड़ा रहता है वहीं किसान पेयजल के लिए बिजली घरों का घेराव करने के लिए मजबूर है।

कर्मचारी चयन आयोग को सीईटी परीक्षा के आवेदन के लिए पहले पोर्टल सिस्टम को दुरुस्त करें तथा उसके बाद कम से कम एक सप्ताह का समय देना चाहिए ताके बेरोजगार बिना परेशानी आवेदन कर सके। यह बात पूर्व विधायक व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सोमवीर सिंह ने क्षेत्र के भांडवा, कादमा, झोझूकलां, जगरामबास में किसानों से मुलाकात करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की 11 वर्ष की सरकार में बेरोजगार युवाओं को रोजगार कम सं2या व परेशानी ज्यादा दी जा रही है। पहले तो सरकार पुराने नियमों में बदलाव का ढिंढोरा पीटती है और मनमाने नियम लागू करती है तो न्यायपालिका उनको गलत साबित करते हैं तो सरकार नियमित कर्मचारियों को अस्थाई पदों पर रखने के लिए झूठें आंसु बहाती है। जनता के पैसे से संचालित चयन प्रक्रिया अकेले रोजगार नहीं बल्कि शासन संचालन के लिए युवाओं को भर्ती किया जाता है लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन प्रदेश के लाखों आवेदकों को पोर्टल की समस्या को दूर किए बिना ही मात्र दो दिन बढाने पर भी चेतावनी जैसे व्यवहार कर रहे हैं। पोर्टल में खामियों के कारण आवेदकों को माता पिता की मौत की जानकारी देनी पड़ रही है वहीं ओटीपी के लिए दिन व रात्रि इंतजार करना आम बात हो गई है।

# विकास कार्यों में तेजी लाएं:पंवार

- जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के चीफ इंजीनियर टी.आर.पंवार ने देवसर, दिनोद व खरक, चांग,मुंढाल मे नई साइटो तथा जल घरों का दौरा किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


भिवानी। पानी के स्टॉक व अन्य चीजों की जानकारी लेते अधिकारी।

महाग्राम योजना के तहत विभिन्न गांव में चल रहे विकास कार्यों में तेजी लाएं। यह बात जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के चीफ इंजीनियर टी.आर.पंवार ने भिवानी परिमंडल कार्यालय में अधिकारियो को सम्बोधित करते हुए कही ।

उन्होंने कहा कि महाग्राम योजना के तहत सरकार का लक्ष्य हर घर को सीवरेज लाइन से जोड़ना है ताकि गाव वारियो को भी शहरी तर्ज पंर सुविधाए मिल जाए। यह तभी सम्भव है ज़ब विभाग के मुखिया से लेकर गाँव में काम कर रहे कर्मचारीगण तक अपना कार्य ईमानदारी व मेहनत से करेंगे । उन्होंने सभी अधिकारियो को स्पष्ट निर्देश दिए कि जो ठेकेदार या एजेंसी समय पऱ व ठीक कार्य नहीं कर रही हैं उनके खिलाफ़ सख्त कार्रवाई की जाए क्योंकि जन हित के मुद्दों पऱ सरकार की जीरो टोलरेंस नीति है और इसको ध्यान में रखते हुए हमारा विभाग भी कार्य के मुद्दे पऱ कोई भी खामी या अनियमितता नहीं बरत रहा । इस अवसर पऱ अधीक्षण अभियंता दलबीर दंलाल ने समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए गांवों में चल रहे महागग्राम योजना के कार्यों का लेखा जोखा रखा । इसके बाद चीफ इंजीनियर टी.आर.पंवार के साथ अधीक्षण अभियता दलबीर दंलाल, कार्यकारी अभियन्ता विकास धनखडं, उपमण्डल अभियन्ता कवरपाल , जिला सलाहकार अशोक भाटी, जेई दिनेश जांगडा,ने महाग्राम योजना मे शामिल गांवो का दौरा कर नई साइटो और जल घर का दौरा कर सीवरेज लाईन साईटो व पेयजल आपूर्ति की स्थिति जांची । इस दौरान उन्होंने क्लोरिनेशन के बारे में विशेष ध्यान देने की बात कही ।



## ज्येष्ठ पूर्णिमा पर 201 पौधें किए वितरित

**भिवानी।** गांव झुंपाकलां में सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधीक्षक दर्शनानंद नेहरा ने ज्येष्ठ पूर्णिमा का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास एवं पर्यावरणीय दृष्टि के साथ मनाया। इस अवसर पर अधीक्षक नेहरा ने समस्त परिवार के साथ मिलकर अपने निज निवास स्थान पर पौधरोपण किया तथा भजन कीर्तन करने वाली महिलाओं को 201 फलदार पौधें वितरित किए। मुख्य रूप से नींबू, मौसमी, माल्टा, संतरा, आम आदि के फलदार पौधे थे। अधीक्षक नेहरा ने बताया कि ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन पेड़ पौधे लगाना और वितरित करना ना केवल एक शुभ माना जाता है, परंतु इस को हम वैज्ञानिक दृष्टि से देखे तो समय जो बरसात का मौसम आता है उसमें जितने अधिक पेड़ पौधे लगाए जाएंगे उतने ही वो पौधे अधिक सफल रहेंगे। उन्होंने इस वर्ष पांच हजार पौधें लगाने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर अधिवक्ता करण सिंह नेहरा, प्रधान कपूरसिंह निगाना, प्रवक्ता डॉ. सुनीता नेहरा, प्रवक्ता रचना नेहरा, प्रवक्ता अनिता नेहरा, मास्टर प्रदीप नेहरा, अध्यापिका विजया नेहरा, ज्योति नेहरा, कविता नेहरा, प्रवीण नेहरा, आर्टिस्ट आनंद नेहरा, आदि मौजूद रहे।

# अजीत सिंह-राजबाला सांग का मंचन

- हमारी जड़ों से जुड़ाव और मजबूत करते है सांग महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



म्हारी संस्कृति-म्हारा स्वामिमान संगठन के तत्वावधान में म्हारी संस्कृति-म्हारा स्वाभिमान संगठन के स्थापना दिवस एवं महान कवियों एवं गायकों की याद में जिला के गांव उमरावत स्थित दादा लखमीचंद सांस्कृतिक भवन में आयोजित 11 दिवसीय सांग महोत्सव के 7वें दिन शुक्रवार को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान कौशिक की अध्यक्षता में हुआ।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्ति सीडीपीओ सुशीला जांगड़ा ने शिरकत की। शुक्रवार को सूर्यकवि दादा लखमीचंद द्वारा रचित अजीत सिंह-राजबाला सांग का मंचन बाबू दान सिंह चौहान द्वारा किया गया। ऐतिहासिक एवं मर्यादा पालन से भरपूर सांग की भावनात्मक अभिव्यक्ति ने बुजुर्गो एवं युवाओं को आनंदित कर दिया। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष हनुमान कौशिक ने सेवानिवृत्त सीडीपीओ एवं लेखिका सुशीला जांगड़ा को संगठन की महिला विंग की अध्यक्ष एवं कप्तान सिंह बिसानिया को दिल्ली प्रमुख मनोनित किया। हनुमान कौशिक ने कहा कि यह आयोजन हरियाणवी विरासत को संरक्षित व प्रसारित करने की दिशा में सराहनीय कदम है। इस अवसर महासचिव मास्टर रविंद्र बास, आश्रम निर्माण कमेटी अध्यक्ष सरपंच दिनेश कौशिक, पारस डालमिया, हरियाणा केसरी राजेश थुराणिया आदि मौजूद रहे।

## आस्था स्कूल वास्तव में दिव्य बच्चों के लिए दिव्य मंदिरः डॉ. धर्मवीर

# आस्था स्पेशल स्कूल में बधिर बेटियों ने दी प्रस्तुति

- आस्था स्पेशल स्कूल में स्वर्गीय दरियाव सिंह ढिल्लो की स्मृति में हॉल कक्ष का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


भिवानी। स्वर्गीय दरियाव सिंह ढिल्लो को श्रद्धांजलि देते उनके पुत्र डॉ. धर्मबीर ढिल्लो, संदीप तंवर, डॉ. विजय शर्मा व अन्य। फोटो: हरिभूमि

सिटी रेलवे स्टेशन के निकट स्थित आस्था स्पेशल स्कूल में प्रमुख समाजसेवी एवं उद्योगपति डॉ. धर्मवीर ढिल्लों ने अपने पिता स्वर्गीय दरियाव सिंह ढिल्लों की तृतीय पुण्यतिथि पर हॉल कक्ष का निर्माण करवाया एवं अपने परिवार एवं ईष्ट मित्रों के साथ पहुंचकर लोकार्पण किया।

**स्वर्गीय दरियाव सिंह ढिल्लों को किया नमनः** इस अवसर पर स्वर्गीय दरियाव सिंह ढिल्लों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर पवित्र एवं पावन कार्य को सांस्कृतिक गतिविधि के साथ शुभारंभ किया। नेत्रहीन शुभम ने स्वागत गीत एवं भजन प्रस्तुत कर उपस्थित सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बधिर बेटियों ने अपनी प्रस्तुति दी एवं प्रियंका ने शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी।

### बच्चों को निखारना कोई छोटी बात नहीं

संस्था के संस्थापक विजय शर्मा ने बताया कि डॉ. ढिल्लों वास्तव में धर्म एवं संस्कृति युक्त भावनाओं के वीर है, जो हमें समय अनुसार प्रोत्साहन करते रहते हैं। आज जो हॉल कक्ष का लोकार्पण किया जा रहा है, वह हमारे एवं प्रत्येक समाज के लिए उदाहरण है, जिन्होंने अपने पिता स्वर्गीय दरियाव सिंह ढिल्लों की तीसरी पुण्यतिथि पर इस पवित्र कार्य को पूर्णता के साथ सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। आज हमारे जुनून को एक नई ऊर्जा मिली जिसके परिणाम स्वरुप हम और अधिक आगे जाकर दिव्यांग बच्चों के लिए काम करेंगे। हॉल कक्ष लोकार्पण करते हुए डॉक्टर धर्मवीर सिंह ढिल्लों ने बताया कि वास्तव में दंपति का जुनून है और इस जुनून को मैंने यथार्थ रूप से महसूस किया। दोनों के परिणाम से ये दिव्य बच्चों के लिए दिव्य मंदिर है और इसमें इन बच्चों को निखारना कोई छोटी बात नहीं है। मैंने मेरे पिता स्वर्गीय दरियाव सिंह ढिल्लों की तीसरी पुण्यतिथि जो दिव्य बच्चों के साथ मनाई, जो मेरे जीवन का अहम भाग रहेगा।

## खबर संक्षेप

### सक्षम युवा योजना में बढ़ाई मानदेय राशि

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि रोजगार विभाग द्वारा हरियाणा सरकार की सक्षम युवा स्कीम को नवंबर, 2016 से सुचारू रूप से चलाया जा रहा है। इस स्कीम के तहत बेरोजगार प्रार्थियों को बेरोजगारी भत्ते के साथ मानदेय भी दिया जाता है अन्य विभागों से दी गई डिमांड के आधार पर मानदेय कार्य के लिए भेजा जाता है जिसमे प्रार्थी को एक माह मे 100 घंटे काम करना होता है।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**भिवानी।** पुलिस थाना साईबर क्राईम पुलिस ने आर्मी में नौकरी लगने के नाम पर रूपयों की धोखाधड़ी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार संदीप निवासी बिचला बाजार भिवानी ने थाना साईबर क्राइम पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी।

### विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

**भिवानी।** एमसी कॉलोनी स्थित सेंट्रल पार्क में गुजरात के अहमदाबाद में विमान दुर्घटना मारे गए यात्रियों, डॉक्टर्स एवं सिविलियन को भारत माता सेवा मंडल के पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि दी। बैठक में नगर उपाध्यक्ष नरेंद्र बग्गा व भीष्म सचदेवा की अध्यक्षता में हुई।

### कैश अवार्ड के लिए खिलाड़ी करें ऑनलाइन आवेदन

**चरखी दादरी।** प्रदेश सरकार द्वारा खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए नकद पुरस्कार दिया जाता है। इसके तहत मान्यता प्राप्त राज्य, राष्ट्रीय, ओलंपिक, राष्ट्रमंडल खेलों, एशियन गेम्स सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नगद पुरस्कार दिया जाता है। ये जानकारी देते हुए उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि अब यह आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन कर दी गई है। खिलाड़ी अब कैश अवार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

### शराब की दुकान पर हमला मुकदमा दर्ज

**ढिगावा मंडी।** गांव सिंघानी में शराब की दुकान चलाने वाले नरेन्द्र पुत्र मानसिंह ने कुछ लोगों पर दुकान में घुसकर तोड़फोड़ करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस ने गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में बताया कि लाला पुत्र बलवान, मंदीप पुत्र कुरडाराम, रीलू राम उर्फ ढिल्लू पुत्र मुखत्यार व दो-तीन अन्य लोग बीती रात लगभग 10:15 बजे शराब की दुकान पर बुलेरो कैम्पर गाड़ी लेकर पहुंचे और दुकान के अंदर गाड़ी से कई बार टक्कर मार दी।

### अवैध शराब ले जा रहा आरोपी गिरफ्तार

**भिवानी।** पुलिस एवीटी स्टाफ ईशरवाल की टीम ने बिना लाइसेंस के भारी मात्रा में अवैध शराब अंग्रेजी लेकर जा रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने टीम के साथ गश्त पड़ताल ड्यूटी बस अड्डा ढिगावा मौजूद थे।

### राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर दोषियों की गिरफ्तारी की उठाई मांग

# एचएयू में विद्यार्थियों पर किए लाठीचार्ज के विरोध में विभिन्न संगठनों ने किया मौन प्रदर्शन सौंपा ज्ञापन



**भिवानी।** शहर में मौन जुलूस निकालते विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता।


**भिवानी।** एचएयू में छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में ज्ञापन सौंपते विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता। *फोटो: हरिभूमि*

## राजकीय बीएड कॉलेज के सीबीएलयू में मर्ज का विरोध कर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

जनसंघर्ष समिति भिवानी, बीएड कॉलेज के छात्रों व भारत की जनवादी नौजवान सभा ने संयुक्त रूप से हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के छात्रों पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सुरक्षा गार्डो से बर्बर लाठीचार्ज एवं भिवानी के सरकारी बीएड कॉलेज को सीबीएलयू में मर्ज करने के विरोध में शहर में मौन जुलूस निकाला। शुक्रवार को लघु सचिवालय के सामने मौन जुलूस निकालकर उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र सौंपा तथा उपयुक्त कार्यवाही की मांग की। उपायुक्त की तरफ से डीडीपीओ सुपरीडेंट राजकुमार जांगड़ा ने ज्ञापन लिया। मौन जुलुस निकालने से पहले विभिन्न जनसंगठनों के पदाधिकारी लघु सचिवालय के सामने चौधरी सुरेंद्र सिंह पार्क में एकत्रित हुए तथा सज्जन सिंगला, नरेश कुमार शर्मा व अनुराग की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गए सैंकड़ों नागरिकों की मृत्यु पर गहरा दुखः प्रकट किया तथा शोक संतप्त परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की तथा उनकी याद में दो मिनट का मौन रखा। जनसंघर्ष समिति के संयोजक व सीपीआई एम के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के राज्य महासचिव रतन कुमार जिंदल, बीएड कॉलेज छात्र संघ के प्रतिनिधि अरविंद, युवा नेता अनुराग व सीबीएलयू छात्र नेता प्रवीन बूरा ने कहा कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में अपनी जायज मांगों के लिए शांतिपर्ण आंदोलनरत्त शोध छात्रों पर यूनिवर्सिटी के कुलपति डीआर कंबोज के निर्देश गार्डो ने बर्बरता से 10 जून को भंयकर लाठीचार्ज किया है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर हिसार कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र नेता रामफल जाखड़, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष मास्टर वजीर सिंह, जिलाध्यक्ष राजबीर कादियान, महेद्र तंवर, व्यापारी नेता देवराज महता, पिछड़े वर्ग के नेता सुरेश प्रजापति, गणेशीलाल, बैक के पूर्व मेनेजर चंद्रभान नाहलिया, कंवरसिंह जांगड़ा, दलित अधिकार मंच के जिला संयोजक सुखदेव पालुवास, सीटू जिला सचिव कामरेड अनिल कुमार, बीएड छात्र नेता मोहित आदि मौजूद रहे।

### सरकारी बीएड कॉलेज को सीबीएलयू में मर्ज करने की बजाय स्वतंत्र रखने की मांग

*सरकारी बीएड कॉलेज के छात्रों की तरफ से मुख्यमंत्री को मांगपत्र भेजकर भिवानी के सरकारी बीएड कॉलेज के अस्तित्व को स्वतंत्र रखने की मांग की है। उन्होंने बताया कि बीएड कॉलेज को पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल ने वर्ष 1973 में बनवाया था, उसे सरकार की योजना अनुसार सीबीएलयू में मर्ज न किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2015-16 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने मर्ज का प्रस्ताव रद किया था। उन्होंने कहा कि मर्जर के बाद बीएड की फीस वर्तमान 34 हजार 500 रुपये से बढ़कर एक लाख रुपये से उपर हो जाएगी, जिसे गरीब घरों के छात्र सहन नहीं कर पाएंगे।*

## छात्रों पर लाठीचार्ज करने के विरोध में एनएसयूआई ने फूंका कुलपति का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

■ छात्रों की आवाज को दबाने के हर प्रयास का पुरजोर विरोध करेगी एनएसयूआई : मनजीत

अपने स्वर्णिम भविष्य को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन के माध्यम से अपनी आवाज उठा रहे हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में छात्रों पर लाठीचार्ज की घटना ने छात्र संगठनों में आक्रोश पैदा कर दिया है। इसी के विरोध में एनएसयूआई ने बीटीएम चौक पर रोष जताते हुए एचएयू कुलपति का पुतला दहन कर रोष प्रकट किया। एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष मनजीत लांग्यान ने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगें रख रहे छात्रों पर विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से ना सिर्फ लाठीचार्ज करवाया, बल्कि एक अमानवीय व्यवहार भी किया गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अपनी आवाज उठाने की सभी को स्वतंत्रता है तथा उसी आधार पर विद्यार्थी अपने भविष्य को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन की तानाशाही के खिलाफ आवाज उठा रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्रवृत्ति की नीति में किए गए अन्यायपूर्ण बदलाव के खिलाफ शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों पर जिस तरह से हमला किया, वह न केवल अमानवीय है बल्कि शिक्षा के मंदिरों को दमन का अड्डा बनाने जैसा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही पूरे मामले की निष्पक्ष जांच नहीं करवाई गई और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। उन्होंने जानलेवा हमला करने वाले प्रोफेसर राधे श्याम पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर गिरफ्तारी होनी चाहिए। मामले की निष्पक्षता से जांच कर शामिल सभी आरोपियों को तुरंत पद से हटाया जाए, प्रदर्शन में शामिल किसी भी छात्र पर कोई कार्रवाई ना हो तथा बढ़ती फीस की दर से छात्रवृत्ति भी बढ़ाए जाने की मांग की।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

■ खेल को मजबूती देने के लिए मिलकर करें योगदान : सांगवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन के दिशा निर्देशानुसार दादरी बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को हो गया। तीन दिन तक चली इस प्रतियोगिता में अनेक वर्गों से महिला व पुरूष कटेगरी के अलग अलग मुकाबले खेले गए। समापन समारोह में दादरी विधायक दादरी सुनील सांगवान, नगर परिषद उपाध्यक्ष संदीप फोगाट एवं पार्षद कुलदीप सैनी विशेष रूप से उपस्थित हुए। मुख्यतिथि विधायक सुनील सांगवान ने कहा कि दादरी के लिए बैडमिंटन के खेल में आगे आना वाला प्रत्येक खिलाड़ी महत्वपूर्ण है। हम सभी को मिलकर खेल को और अधिक मजबूत बनाने के लिए प्रयास जारी रखना होगा। इसके लिए वो हर संभव मदद करने के लिए तत्पर रहेंगे। खिताबी चरण के बारे में जानकारी देते हुए महासचिव लोकेश गुप्ता ने बताया कि अंडर 11 गर्ल्स सिंगल में साइना विजेता व ताक्षी उपविजेता रही। इसी प्रकार अंडर 13 ब्वायज सिंगल में प्रत्युक्ष विजेता व नक्ष रनर अप रहा। इसी प्रकार अंडर 13 गर्ल्स में साइन विजेता व ताक्षी रनर अप रही।



**चरखी दादरी।** विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते विधायक सुनील सांगवान।

### अंडर 15 ब्वायज सिंगल में मनीत रहे विजेता

अंडर 15 ब्वायज सिंगल में मनीत विजेता व मोक्ष रनर अप रहा। इसी कडी में अंडर 15 ब्वायज डबल में मानव व मनीत की जोड़ी विजेता तथा केशव व जतिन उप विजेता रहे। इसी वर्ग के गर्ल्स सिंगल में रिद्मि विजेता व जाहवनी उप विजेता रही। अंडर 15 गर्ल्स डबल में तनवी व ओवी की जोड़ी विजेता तथा मन्नत व अन्नू उप विजेता रही। अंडर 17 ब्वायज सिंगल में अयान विजेता व मयंक रनर अप रहा। इसी वर्ग के ब्वायज डबल में मनीत व विकास विजेता तथा अयान व हिमांशु रनर अप रहे। अंडर 17 गर्ल्स सिंगल में रिद्मि विजेता व जिज्ञासा रनर अप रही। अंडर 19 ब्वायज सिंगल में भीष्म विजेता व अयान उप विजेता रहा। अंडर 19 ब्वायज डबल्स में अयान व दीपांशु की जोडी विनर व भीष्म तथा पार्थ रनर अप रहे।

# लंबित शिकायतें शीघ्र निपटाएं: डीसी

■ समाधान शिविर में आई शिकायतों व निवारण को लेकर समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


**भिवानी।** आयोजित बैठक में दिशा निर्देश देते उपायुक्त। *फोटो: हरिभूमि*

डीसी महावीर कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, दिन का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। उन्होंने निर्देश दिए कि लोगों की समस्याओं का समयबद्ध ढंग से समाधान करें ताकि उनको किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने समाधान शिविरों में आई नागरिकों की लंबित समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने को कहा। डीसी महावीर कौशिक शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर में आई शिकायतों के निवारण की समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने सोमवार व गुरुवार को लगे समाधान शिविर में आई शिकायतों और उनके समाधान की विस्तार से समीक्षा की। समीक्षा बैठक से पहले सीनियर आईएएस विजय दहिया ने भी वीसी के माध्यम से समाधान शिविर में लंबित पड़ी शिकायतों के निवारण के दिशा निर्देश दिए। डीसी महावीर कौशिक ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए सभी विभाग गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की शिकायतें लंबित हैं, उनको आगामी शिविर से पहले निपटाएं। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को शिकायतों का निपटान कर पोर्टल पर अपडेट एवं उपायुक्त कार्यालय में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# अंडर 12 में शिवम इलेवन रही विजेता

■ शिवम इलेवन ने विदित इलेवन को 3 विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


**भिवानी।** खिलाड़ियों का परिचय लेकर मैच शुरू करवाते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के अंडर 12 आयु वर्ग में शिवम इलेवन ने विदित इलेवन को 3 विकेट से हराया। विदित इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 12 ऑवर में 53 रन बनाए । विदित इलेवन की तरफ से विदित ने 10 रन, भुवन ने 13 व शेखर ने 14 रन बनाए।

शिवम इलेवन की तरफ से हरीश सिहाग ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ऑवर में 20 रन देकर 6 विकेट ली, रोहित, शिवम व देव ने एक-एक विकेट ली। शिविम इलेवन ने 53 रन का पीछा करते हुए 54 रन तक 7 विकेट खो दिए। शिवम इलेवन की तरफ से रोहित ने 12 रन, केशव ने 10 रन व साहस चौधरी ने 10 रन बनाए। विदित इलेवन की तरफ से हृदय ने 4 ऑवर में 10 रन देकर 3 विकेट ली। विदित ने 2 विकेट व शेखर ने एक विकेट ली। अंडर 15 आयु वर्ग के दूसरे मैच में युवराज इलेवन ने परी इलेवन को वर्षा बाधित मैच में एवरेज के आधार पर हराया। युवराज इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ऑवर में 7 विकेट पर 168 रन बनाए। युवराज इलेवन की तरफ से गर्वित बेनीवाल ने 40 गेंदों में 51 रन बनाए, मन्नु शर्मा ने 23, युवराज ने 21, रजत ने 12 व युवन ने 13 रन बनाए। परी इलेवन की तरफ से मानवी ने 2 विकेट, कार्तिक यादव, हार्दिक वत्स, दक्ष, देव गौतम, तनिष ने एक-एक विकेट ली। परी इलेवन ने 15.1 ऑवर में 3 विकेट के नुकशान पर 88 रन बनाए।

# सांसद के निरीक्षण के बाद विकास कार्यों ने पकड़ी रफ्तार

■ सांसद ने अफसरों को दी 31 जुलाई तक आरओबी निर्माण की डेड लाइन : ओमपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


**भिवानी।** कृष्णा कॉलोनी रेलवे फाटक पर निर्माणाधीन आरओबी। *फोटो: हरिभूमि*

लाइनपार क्षेत्र के विकास कार्यो में तेजी लाने के लिए सांसद धर्मवीर सिंह ने 26 मई को विकास कार्यों का जायजा लिया तथा कार्य समयावधि में पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी अफसर एवं निर्माण एजेंसी ओवरब्रिज का निर्माण कार्य दिन रात तेजी से कर हर हाल में समयावधि पूरा किया जाए तथा चालू करने कि डेड लाइन 31 जुलाई दी। इसके उपरांत रेल अंडरपास महापंचायत श्रीजीतूवाला की शुक्रवार को आयोजित बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सांसद धर्मबीर सिंह, विधायक घनश्याम दास सर्राफ, चैयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह का आभार जताया।

रोहतास वर्मा एवं रामसिंह वैद्य ने बताया कि क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के प्रति खुशी जताई। उन्होंने कहा कि लाइनपार क्षेत्र में श्रीश्याम बाग से जुई नहर तक दिनोद रोड, तोशाम ओवरब्रिज से कंज्यूमर कोर्ट तक रोड, जिनका शिलान्यास सांसद ने किया था। गलियों में सीमेंट ब्लॉक्स लगाकर पक्का करने, जीतूवाला ओवरब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है।

उन्होंने सांसद धर्मवीर सिंह के समक्ष चल रहे विकास कार्यों को शीघ्र अतिशीघ्र मानसून मौसम शुरू होने से पहले पूरे करवाया जाने का अनुरोध किया था। लोगों ने बताया कि बरसाती पानी निकालने के लिए वर्ष 2020 में अमरूत योजना के तहत सीमेंट के बड़े पाइप लाइन डालने काम किया था जो अधर में लटका हुआ है।

अधिक वर्षा होने पर इस क्षेत्र से पानी निकासी का कोई प्रबंध नहीं है बरसात में सीवरेज लाइन भी फेल हो जाती है। गंदा पानी घरों में घूसने का अंदेशा बना हुआ है। क्षेत्र की पुरजोर मांग अमरूत योजना अधर में लटके काम को शीघ्र पूरा करवाया जाए।

# शिविर में 44 ने किया रक्तदान

■ रक्तदान करना मानवसेवा का पवित्र माध्यम : कैप्टन अशोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


**भिवानी।** महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय में रक्तदान करते रक्तदाताओं को बैज लगाते अतिथि। *फोटो: हरिभूमि*

विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में कैंसर पीड़ितों की सहायता के उद्देश्य से 11 हरियाणा एनसीसी बटालियन एवं महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय ने संयुक्त रूप से सामाजिक सरोकार निभाते हुए प्रेरणादायक पहल की। बटालियन द्वारा महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें एनसीसी कैडेट्स, शिक्षकों, कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर सूबेदार अशोक कुमार, ट्रेनिंग अधिकारी सूबेदार सुरेंद्र सिंह सहित 44 युवाओं ने रक्तदान किया, जिन्हें कमांडिंग ऑफिसर एलटी कर्नल थॉमस कुट्टी, एनसीसी प्रभारी कैप्टन अशोक कुमार व महाविद्यालय प्राचार्य जगबीर सिंह ने बैज लगाकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। शिविर में रक्त एकत्रित करने एम्सा बाढ़सा की टीम पहुंची। शिविर का आयोजन शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा की देखरेख में किया। एनसीसी प्रभारी कैप्टन अशोक व प्राचार्य जगबीर सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान है और युवावर्ग को ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेकर समाज को स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भी सहयोग देना चाहिए। उन्होंने बताया कि रक्त की एक यूनिट कई जिंदगियों को बचा सकती है और इसी भावना के साथ यह शिविर आयोजित किया गया है।

### गांव कुंगड़ खेड़ी व कुंगड़ के किसानों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

# सुंदरब्रांच नहर से मोगा नंबर-26100 को खोलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


**भिवानी।** उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने जाते किसानों का प्रतिनिधिमंडल। *फोटो: हरिभूमि*

जिले के गांव खेड़ी दौलतपुर व कुंगड़ के किसानों का प्रतिनिधिमंडल खेड़ी दौलतपुर के सरपंच प्रेमसिंह व पूर्व सरपंच सतबीर सिंह के नेतृत्व में सुंदर ब्रांच नहर से मोगा नंबर-26100 को खोलने की मांग लेकर उपायुक्त को ज्ञापन देने पहुंचे। उन्होंने उपायुक्त से मांग की कि उक्त पानी मोगा की सफाई करवाई जाए, जो पिछले दो वर्ष से बंद पड़ा है और दोनों गांवों के खेतों में सिंचाई नहीं हो रही है, जिसके चलते उन्हें भारी परेशानियां उठानी पड़ रही है। इस अवसर अखिल भारतीय किसान सभा के जिला उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि दोनों गांवों के किसान अपनी समस्या को लेकर कई बार सिंचाई विभाग व जिला प्रशासन के चक्कर काट चुके है, लेकिन इनकी समस्या की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग व जिला प्रशासन समस्या का शीघ्र समाधान नहीं करेगा तो किसान सभा इन किसानों का साथ उपायुक्त कार्यालय या सिंचाई विभाग के कार्यालय के सामने अनिश्चित कालीन धरना देने पर मजबूर होगा। बाद में सभी किसान सिंचाई विभाग के अधिकारियों से मिले तथा उन्होंने समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पिछड़े वर्ग के नेता सुरेश प्रजापति, खेड़ी कुंगड़ के किसान संसार, सुरेश कुंगड़, बिंटू, राजपाल व सुरेंद्र सिहाग आदि शामिल रहे।